| Name of Industry | Name of river |
|---|---|
| 5. Ms West Coast Paper Mills, Dandeli | Kali |
| 6. M/s Visveshvaraya Iron and Steel Ltd. Bhadravati | Bhadra |

(b) and (c) The Government has initiated certain steps to control pollution in the above industries. These include:—

(1) The industries have been asked to upgrade their effluent treatment plants wherever required.

(2) Polluted river stretches are regularly monitored.

(3) Additional emphasis has been given to industrial pollution control and compliance of the consent conditions prescribed by the States Pollution Control Boards.

(4) Bhadravati Town has been declared as one of the critically polluted areas and the Central Pollution Control Board has drawn an Action Plan to reduce pollution in the area, both from the industries and Municipality.

**रायगढ़ में स्थित नवोदय विद्यालय हेतु भवन का निर्माण**

3957. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश के रायगढ़ जिले में नवोदय विद्यालय के भवन-निर्माण हेतु कितनी धनराशि कब स्वीकृत की गई है;

(ख) भवन का निर्माण नहीं होने के कारण इस विद्यालय के छात्रों की कक्षाएं किन-किन स्थानों पर लगती हैं और वहां छात्रों की संख्या कितनी है;

(ग) वहां छात्रों को किन-किन असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है; और

(घ) भवन निर्माण के कार्य को शीघ्रता से पूरा करने हेतु उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुन्नी राम सैकिया):** (क) जवाहर नवोदय विद्यालय, जिला-रायगढ़, मध्य प्रदेश के भवन निर्माण के लिए संस्वीकृत राशि का ब्यौरा निम्न प्रकार है:—

(लाख रुपयों में)

| | राशि | संस्वीकृति की तारीख |
|---|---|---|
| स्कूल भवन | 87.14 | 2.6.94 |
| बाउंडरी वाल | 11.29 | 10.10.94 |
| स्टाफ क्वार्टर्स/ छात्रावास | 145.81 | 8.2.96 |
| कुल | 244.24 लाख | |

(ख) जनजाति कल्याण विभाग के एक छात्रावास में मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अस्थायी आवास में छात्रों को समायोजित किया गया है। छात्रों की मौजूदा संख्या 246 है जिसमें से 162 लड़के हैं और 84 लड़कियां हैं।

(ग) जल, आवास तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण छात्रों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। राज्य सरकार द्वारा अस्थायी आवास के निकट प्रदान की गई श्मशान घाट भूमि से भी बच्चों को मनोवैज्ञानिक अशान्ति होती है।

(घ) समिति ने स्थायी भवन को शीघ्र पूरा करने के लिए निर्माण एजेंसी पर दबाव डाला है। अस्थायी-स्थल-पर इस समय उपलब्ध सुविधाओं में कुकिन्ग शैड, लघु जेनरेटर, अतिरिक्त पंखे तथा एक वाहन उपलब्ध करा कर सुधार किया गया है।

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन के पूर्वोत्तर क्षेत्र में तैनात कर्मचारियों के साथ भेदभाव**

3958. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित विद्यालयों/कार्यालयों में तैनात कर्मचारियों/शिक्षकों की विशेष सुविधाओं और भत्तों में कतिपय कटौती की है;